हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 9 नवंबर 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 24. 0 डिग्री

अमरुवा में कलश यात्रा के साथ नवधा रामायण का शुभारंभ

4



## खबर संक्षेप

### वेल विशर फाउंडेशन का रक्तदान शिविर आज

**अकलतरा।** क्षेत्र की अग्रणी सामाजिक संस्था वेल विशर फाउंडेशन एवं रियल ग्रोथ पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में रविवार 9 नवंबर को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक नगर पंचायत नरियरा के रियल ग्रोथ पब्लिक स्कूल के प्रांगण में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है, शिविर में यातायात सुरक्षा के वारे में भी लोगो को जागरूक किया जाएगा, संस्था के द्वारा नरियरा क्षेत्र के ग्राम मुलमुला , सोनसरी, बनाहील, झलमला, पकरिया झु, तरोद, अमोरा , मुरलीडीह, लटिया, पकरिया रोगदा एवं अन्य ग्रामो के लोगो से अधिक से अधिक रक्तदान करने की अपील की है।

### स्कूल से लौट रहे छात्र पर जानलेवा हमला, दो गिरफ्तार

**हसौद।** स्कूल से घर लौट रहे नाबालिक छात्र पर गांव के ही दो युवकों ने धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। छात्र के गले और उंगलियों पर गंभीर चोट आई हैं। मामला सक्ती जिला के हसौद का है जहां 8 नवंबर शनिवार की दोपहर लगभग 12 बजे सरस्वती शिशु मंदिर से पढ़ाई कर 12 वर्षीय साहिल साहू घर लौट रहा था। इसी दौरान गांव के गोकुल साहू और बादल सागर ने मिलकर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में साहिल गंभीर रूप से घायल हो गया उसके गले, दोनों हाथों की उंगलियों पर गंभीर चोट आई। खून से लथपथ साहिल को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हसौद ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हसौद थाना प्रभारी ने बताया कि परिजन की शिकायत पर आरोपी गोकुल साहू पिता रमेश साहू और बादल सागर पिता प्यारे सागर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 351(3), 115(2), 118(1) और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है। दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### नो एंट्री में भारी वाहन प्रवेश करने वाले 8 चालक से वसूला जुर्माना

**जांजगीर-चांपा।** नो एन्ट्री में भारी वाहन प्रवेश करने वाले 15 वाहन चालकों के विरुद्ध यातायात पुलिस जांजगीर द्वारा कार्रवाई करते साढ़े 37 हजार रुपए जुर्माना वसूल किया गया है। सड़क दुर्घटनाओं को दृष्टीगत रखते हुए यातायात नियमों का उलंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत लगातार कार्यवाही की जा रही है। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। यातायात पुलिस जांजगीर द्वारा विशेष अभियान चलाकर अलग - अलग जगहों में वाहन चेकिंग किया गया। जिसमें 15 बड़ी गाड़ियों के वाहन चालको के द्वारा नो एन्ट्री जांजगीर शहर में प्रवेश करने पर चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

### शातिर ठग कुछ दिन पहले ही पहुंचा था जेल

# सुरक्षा में तैनात प्रहरी को चकमा देकर विचाराधीन बंदी जिला अस्पताल से फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ठगी के मामले में कुछ दिन पहले जेल पहुंचा विचाराधीन बंदी जिला चिकित्सालय जांजगीर से प्रहरी को चकमा देकर फरार हो गया। अस्पताल के बंदी वार्ड से वह हाथ से हथकड़ी निकाल कर भाग निकला। पुलिस की टीम फरार बंदी की तलाश और मामले की जांच में जुट गई है।

जिला अस्पताल में शनिवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब बंदी वार्ड से एक विचाराधीन बंदी हथकड़ी से हाथ निकाल कर फरार हो गया। आरोपी पंचराम निषाद को नवागढ़ पुलिस ने ठगी के मामले मे गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ प्रदेश के कई जिले मे ठगी का मामला दर्ज है। दरअसल सक्ती जिला के चंद्रपुर थाना अंतर्गत ग्राम चंदेली का 37 वर्षीय पंचराम निषाद पिछले कुछ सालों से जांजगीर चाम्पा जिला समेत प्रदेश के कई जिलों में ठगी की वारदात को अंजाम दे रहा था। नवागढ़ पुलिस ने उसे 28 अक्टूबर को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। शुक्रवार 7 नवंबर को तबियत बिगड़ने पर उसे जिला चिकित्सालय जांजगीर भेजा गया। पंचराम के हांथ में फ्रेक्चर आया था। साथ ही उसे बुखार और दस्त की भी शिकायत थी। उसे अस्पताल के बंदी वार्ड में भर्ती किया गया था। एक प्रहरी भी उसके साथ अस्पताल में था। शनिवार 8 नवंबर की सुबह 10 बजे डॉक्टर ने परीक्षण के बाद दवाई लिखी। पंचराम के हांथो में हथकड़ी बंधी थी, तो प्रहरी खुद दवाई लेने चला गया। प्रहरी जब दवा लेकर वापस लौटातो देखा कि बंदी पंचराम हथकड़ी से हाथ निकाल कर फरार हो गया था। प्रहरी ने घटना की सूचना जिला अस्पताल चौकी में पुलिस को दी। जेल प्रशासन को भी सूचना दी गई। सभी मिल कर पंचराम की तलाश करने लगे। अस्पताल मे लगे सीसीटीवी फुटेज भी चेक किए गए, लेकिन पंचराम कैसे भागा इसका पता अभी नहीं चल सका है। कोतवाली पुलिस पंचराम की तलाश और मामले की जांच में जुटी है।



अस्पताल के बेड में पड़ी हथकड़ी व इंसेट में फरार बंदी।

### भाग चुका है पहले भी

आरोपी पंचराम निषाद उर्फ पंचू पहले भी जेल जा चुका है और इसी तरह चकमा देकर अस्पताल से फरार हो चुका है। पंचराम को धमतरी जिले की कोतवाली पुलिस ने चोरी और धोखाधड़ी के प्रकरण में 15 सितंबर 2024 को गिरफ्तार किया था, जो जिला जेल धमतरी में विचाराधीन बंदी था। इसी दौरान पंचराम निषाद पेट दर्द होने पर जिला अस्पताल धमतरी ले जाया गया था, जहां से वह शौचालय में हथकड़ी खोलकर फरार हो गया था। वह लुकछिप तथा पहचान छिपाकर प्रतिदिन अपना ठिकाना बदल कर रहता था। नवागढ़ पुलिस ने उसे सरायपाली जिला महासमुंद से कड़ी मशक्कत के बाद पकड़ा था। वह गिट्टी और सीमेंट व्यापारी बन कर निर्माणाधीन मकान के मालिकों को कम क़ीमत मे सामान देने का झांसा देकर ठगी करता था। आरोपी के खिलाफ प्रदेश के कई जिलों में ठगी और चोरी के प्रकरण दर्ज है।

### जेल प्रहरी निलंबित

विचाराधीन बंदी के जिला अस्पताल से फरार होने के मामले में ड्यूटी में तैनात जेल प्रहरी की लापरवाही सामने आई है। लापरवाही बरतने वाले प्रहरी भुवनेश्वर पैकरा पर कार्रवाई करते हुए जेल अधीक्षक ने निलंबित कर दिया है। इधर फरार विचाराधीन बंदी की तलाश में पुलिस जुटी है। पुलिस द्वारा जिले के चारों तरफ सरहदी क्षेत्र में नाकाबंदी कर पातासाजी की जा रही है। अलग अलग पुलिस टीम गठित कर बंदी की तलाश के लिए जिला सक्ति, रायगढ़, महासमुंद रवाना किया गया है। इसके आलावा रेलवे पुलिस को अलर्ट कर रेलवे स्टेशनो में भीतलाश जारी है। फरार विचाराधीन बंदी के विरुद्ध धारा 262 बी एन एस के तहत थाना कोतवाली जांजगीर में अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### चल रही तलाश

विचाराधीन बंदी पंचराम निषाद को 28 अक्टूबर को जेल में निरुद्ध किया था। उसका हाथ फ्रेक्चर हुआ था, जिसमे प्लास्टर के लिए जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया था। शनिवार की सुबह उसके अस्पताल से फरार होने की सूचना मिली। पंचराम की तलाश और मामले की जांच की जा रही है। ड्यूटी में तैनात जेल प्रहरी को निलंबित कर दिया गया है।

-डीडी टोंडर

जेलर, जिला जेल जांजगीर

# हसदेव नदी में चल रही थी अवैध खुदाई

## टीम को देखकर भागे ट्रैक्टर चालक

### मौके से जब्त किए गए 8 वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के हसदेव नदी मे रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन जोरो पर है। पीथमपुर में अवैध उत्खनन की शिकायत मिलने पर कलेक्टर ने शनिवार को राजस्व और खनिज विभाग के अधिकारी को छापामार कार्रवाई के निर्देश दिए। संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए 8 ट्रेक्टर को नदी के अंदर रेत भरते हुए जप्त किया। वही 6 ट्रेक्टर चालक अधिकारियो को देख कर फरार हो गए। इस मामले मे जप्त ट्रेक्टर चालको के खिलाफ प्रतिबंधात्म कार्रवाई की गई है।

जांजगीर चाम्पा जिले मे रेत का अवैध कारोबार जम कर चल रहा है। जिले के पीथमपुर में हसदेव नदी के तट से लगातार रेत निकाला जा रहा है। इसकी शिकायत मिलने पर कलेक्टर ने शनिवार 8 नवंबर को राजस्व और खनिज विभाग के अधिकारी को छापा मार कार्रवाई के निर्देश दिए। खनिज और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने कलेक्टर के निर्देश पर छापामार कार्रवाई की। अधिकारियों की गाडी देखकर अवैध रेत उत्खनन करने वालों मे अफरा तफरी मच गई। कई ट्रेक्टर चालक मौके से फरार हो गए और कुछ ट्रेक्टर चालक ट्रेक्टर का इंजन लेकर फरार हो गए। टीम ने मौके से 8 ट्रेक्टर ट्राली और 2 इंजन जप्त किया। अधिकारियो के मुताबिक ट्रेक्टर ट्राली नदी के बीच मे खड़ी थी, जिसे बाहर निकालने की भी कोशिश की गई लेकिन भारी मशक्कत के बाद भी ट्राली बाहर नहीं निकल सकी। नदी मे ही ट्रेक्टर ट्राली पंचनामा कर छोड़ कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि जिले मे रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन का कारोबार लंबे समय से फल फूल रहा है। अवैध कारोबारियो को विभागीय और राजनितिक संरक्षण का आरोप भी लगता रहा है। इसके बाद भी शासन प्रशासन हसदेव नदी और महानदी के रेत घाटों मे रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन पर रोक लगाने के नाकाम साबित हो रही है।



मौके से जब्त ट्रैक्टर।

**ट्रेक्टर चालकों ने की हुज्जतबाजी-** तहसीलदार राजकुमार मरावी ने बताया कि अवैध रेत उत्खनन और परिवहन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के दौरान अधिकारियो की टीम से ट्रेक्टर चालकों द्वारा हुज्जतबाजी भी की गई। ग्रामीण मुकदर्शक बन कर देख रहे थे और नदी के अंदर फंसे ट्रेक्टर ट्राली को निकालने के लिए मदद भी नहीं की। जिसके कारण नदी के अंदर छूटे वाहनो के चेचीस नंबर लेकर आर टी ओ से मालिक की जानकारी मांगी गई है। अवैध रेत परिवहन करने वालों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## मकान व दुकान से चोरी करने वाले 5 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे



हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सक्ती थाना क्षेत्र के मरकामगोढी में रात्रि में घर व दुकान अंदर घुसकर सोने चांदी के जेवरात सहित अन्य समानों की चोरी करने वाले 5 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी के जेवरात समेत अन्य सामान जब्त किए गए है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मरकामगोढ़ी निवासी सीता देवांगन अपने घर में ही दुकान भी चलाती है। वह 4 नवंबर की शाम घर में ताला लगाकर परिवार सहित मायके अड़भार गई थी। जब 5 नवंबर वापस लौटी तो देखा कि घर व दुकान का ताला तोडकर कोई अज्ञात चोर के द्वारा सोने चांदी के ज्वेलरी, नगदी रकम 1 लाख तथा दुकान में रखे सिगरेट, बीडी, मिक्चर, बिस्किट व राशन सामाग्रियों को चुराकर ले गया था। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध कायम कर विवेचना में लिया। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग बिलासपुर रेल्वे स्टेशन में रूके हुये है और अपने पास सिगरेट, बीडी, मिक्चर, बिस्किट व राशन सामाग्रियों का पैकेट रखे है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्तियों को पकडा गया। पूछताछ करने पर मरकामगोढ़ी निवास सीता देवांगन के दुकान व घर में चोरी की घटना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से सोने चांदी के जेवरात, राशन समान, बिड़ी सिगरेट जप्त किया गया। पुलिस ने मरकामगोढ़ी निवासी नरेन्द्र पटेल, देवकुमार सिदार, कांदानारा निवासी मनोज पटेल, सक्ती निवासी दीपक यादव को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा है। वहीं मामले में शामिल विधि से संघंरत एक बालक को बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है।

### महिला से छेड़खानी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अकलतरा।** महिला को अकेली पाकर उसके साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को अकलतरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पुलिस से जानकारी मिली कि आरोपी जगन्नथ पाटले उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम बम्हनीन थाना अकलतरा द्वारा पीडिता को अकेली पाकर उसे बेइज्जती करने की नियत से छेड़छाड़ करने लगा पीड़िता चिल्लाई तो आरोपी वहां से भाग गया जिसकी सूचना रिपोर्ट पर से थाना अकलतरा में धारा 74, 79 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था। घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना अकलतरा पुलिस द्वारा आरोपी जगन्नथ पाटले को पकड़ा, जिसको हिरासत मे लेकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करने एवं अपराध सदर धारा का पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जा चुका है।

### रात्रि के समय सुपर बाजार से चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**सक्ती।** रात्रि के समय अशोक सुपर बाजार में घुसकर चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला सक्ती थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सक्ती के वार्ड क्रमांक 15 निवासी मनोज कुमार गर्ग ने 7 नवंबर को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अशोक सुपर बाजार का संचालन करता है। इस दौरान 6 नवंबर की रात्रि करीबन 9 बजे अपने दुकान को बंद करके घर आ गया और खाना पीना खाकर सो गया। अगले दिन 7 नवंबर की सुबह सक्ती निवासी अमीन खान को घेराबंदी कर पकड़ा गया। प्रकरण में संपूर्ण विवेचना कारवाही से आरोपी अमीन खान पिता सलीम खान उम्र 25 वर्ष के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## अस्पताल में अव्यवस्था देख भड़के कलेक्टर, जिम्मेदारों को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और मरीजों की सुविधा का जायजा लेने कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय जांजगीर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों से सीधे संवाद कर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। अस्पताल परिसर में सफाई की कमी और अन्य अव्यवस्था देख कर भड़के कलेक्टर ने जिम्मेदार अधिकारियो को फटकार लगाई।

शनिवार 8 नवंबर को कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने जिला चिकित्सालय का औचक निरिक्षण किया। कलेक्टर ने आपातकालीन कक्ष, लेबर वार्ड, डायलिसिस यूनिट, सीटी स्कैन, सोनोग्राफी कक्ष, नेत्र विभाग, दवा वितरण कक्ष और आर्थो वार्ड का गहन निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर महोबे ने मरीजों व उनके परिजनों और स्वास्थ्य परीक्षण कराने आए नागरिकों से सीधे संवाद कर सेवाओं की उपलब्धता और सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर की सफाई व्यवस्था की समीक्षा की साफ-सफाई में किसी भी स्तर पर कमी ना रहने की हिदायत दी। निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराज़गी व्यक्त करते हुए उन्होंने निर्माण एजेंसी को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर महोबे ने डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति की जाँच की और समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. एस. कुजुर सहित जिला चिकित्सालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



मरीज और परिजनों से चर्चा करते कलेक्टर।

### सोनोग्राफी कक्ष में तत्काल रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश

निरीक्षण के दौरान एक महिला मरीज ने कलेक्टर को बताया कि सोनोग्राफी रिपोर्ट समय पर उपलब्ध नहीं कराई गई। इस पर कलेक्टर महोबे ने तत्काल सिविल सर्जन को निर्देश दिए कि रिपोर्ट तत्काल उपलब्ध कराई जाए और आगे की जांच एवं उपचार में देरी न हो। उन्होंने कहा कि सोनोग्राफी यूनिट में किसी भी प्रकार की तकनीकी दिक्कत न आए, इसके लिए नियमित मॉनिटरिंग की जाए। शिशु वार्ड में वेंटिलेटर क्षमता बढ़ाने और आवश्यक स्टाफ की भर्ती का प्रस्ताव भेजने के निर्देश भी कलेक्टर ने दिए।

MARK OF EXCELLENCE

अनुभवी एक्सपर्ट्स द्वारा मस्तिष्क की जटिल समस्याओं का समाधान




• अल्जाइमर रोग
• माइग्रेन (बार-बार चक्कर आना)
• साईटिका
• पैरालिसिस लकवा (स्ट्रोक)
• मिरगी रोग
• पार्किंसन्स
• नसों की दिक्कत
• सिर दर्द
• स्पाइनल कॉर्ड
• माँसपेशियों की कमज़ोरी
• शरीर में कम्पन
• मल्टीपल स्क्लेरोसिस (एमएस)
• मायस्थेनिया ग्रेविस
• मानसिक बीमारी (ब्रेइन्फेक्शन)
• मस्तिष्क रक्तस्राव (ब्रेन हैमरेज)

• EEG • EMG • NCV की सुविधा

MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 (C.G.)

24x7 SERVICES • CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU
FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486

Contact No: 07752-796230, 9039028850
Website: www.markhospital.com
Email: Info@markhospital.com

AdPRAYAS

### शुरू हुआ मेंटनेंस कार्य, 274 किमी की रोड को किया जाएगा दुरूस्त

# बदहाल सड़कों की मरम्मत के लिए 575 लाख मंजूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले की बदहाल सड़कों की मरम्मत के लिए शासन ने मंजूरी दे दी है। सरकार ने पीडब्ल्यूडी विभाग को 274 किमी लंबी सड़क के मरम्मत के लिए 575 लाख की स्वीकृति प्रदान की है। सड़कों की मरम्मत का कार्य भी शुरू कर दिया गया है।

जिले की सड़के लंबे समय से मरम्मत के अभाव में बदहाल हो चुकी है। जिला मुख्यालय समेत अन्य स्थानों पर भी सड़कों की मरम्मत की मांग लगातार की जा रही थी। हाल ही में लोक निर्माण विभाग के मंत्री अरूण साव ने अपने जांजगीर प्रवास पर 7 अक्टूबर को घोषणा की गई थी कि वर्षा ऋतु पश्चात जिले की सड़कों के रख-रखाव व मरम्मत कार्य युद्धस्तर पर किए जाएंगे। कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग श्रीमती ममता पटेल ने बताया उक्त घोषणा के अनुरूप लोक निर्माण विभाग द्वारा वर्षा ऋतु के दौरान हुई सड़कों की क्षति का विस्तृत सर्वेक्षण कर मूल्यांकन किया गया। खराब सड़कों को चिन्हांकित करते हुए मरम्मत हेतु आवश्यक राशि का आकलन कर लगभग 274.40 किलोमीटर लंबाई के मार्गो की मरम्मत के लिए राशि 575.20 लाख रुपए का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था, जिसे शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।विभागीय स्वीकृति प्राप्त होने के बाद लोक निर्माण विभाग द्वारा निविदा आमंत्रण एवं कार्यादेश जारी कर मार्गों पर मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। चिन्हांकित सभी सड़कों के मरम्मत कार्य को 31 दिसम्बर 2025 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस निर्णय से जिले की ग्रामीण एवं शहरी सड़कों पर आवागमन सुगम होगा तथा नागरिकों को राहत मिलेगी। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने निर्देश दिए है कि मरम्मत कार्य की गुणवत्ता और समयसीमा पर विशेष ध्यान दिया जाए। किसी भी स्थिति में कार्य की गुणवत्ता से समझौता न हो और सभी मार्गों का कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें। अधिकारियों को कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षण करने निर्देश दिए है।



जिला मुख्यालय जांजगीर के केरा रोड में चल रहा मरम्मत कार्य।

## खबर संक्षेप



### हाथियों ने फसलों और संपत्ति को किया चौपट, ग्रामीणों में दहशत

**कोरबा।** कोरबा व कटघोरा वनमंडल में हाथी लगातार उत्पात मचा रहे हैं। कोरबा वनमंडल के करतला रेंज के अंतर्गत बड़मार और पीड़िया क्षेत्र में बुधवार की रात हाथियों के एक झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने खेतों में लगी धान की फसल को चौपट कर दिया। पीड़िया, सेंद्रीपाली, श्रीमार और तीलईडबरा गांवों में दर्जनों किसानों की फसलें पूरी तरह मटियामेट कर दी। ग्रामीणों का कहना है कि इस झुंड ने रातभर उत्पात मचाया और सुबह होने से पहले पीड़िया जंगल की ओर लौट गया। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों का स्थल का निरीक्षण कर क्षति का आंकलन किया। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार हो रहे ऐसे हमलों से किसानों की आर्थिक स्थिति पर बुरा असर पड़ रहा है। कई किसानों ने वन विभाग से मुआवजा और सुरक्षा उपायों की मांग की है। उधर कटघोरा वन मंडल के आमाटिकरा और परला क्षेत्र में भी लगभग 42 हाथियों का झुण्ड विचरण कर रहा है।

### एनटीपीसी ने दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम अंगों का किया वितरण



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर ओपन थियेटर घंटाघर चौक में एनटीपीसी द्वारा लगाया गया। स्टॉल आकर्षण का केंद्र बना। इस स्टॉल में एनटीपीसी द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के तहत किए जा रहे महत्वपूर्ण सामाजिक कार्यों और उपलब्धियों का विशेष रूप से प्रदर्शन किया गया। एनटीपीसी के सीएसआर एवं एनएफएनडीआरसी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस पहल के माध्यम से जरूरतमंद दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना रहा। कृत्रिम अंगों का वितरण छत्तीसगढ़ शासन के उद्योग एवं वाणिज्य, श्रम, आबकारी और सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने अपने कर कमलों से किया। उन्होंने एनटीपीसी द्वारा किए जा रहे इन सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल समाज में सकारात्मक बदलाव लाती हैं और दिव्यांगजनों के जीवन में नई आशा जगाती हैं। इस दौरान एनटीपीसी अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी विनोद कोल्हटकर, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. रश्मि, सीएसआर विभाग के उप प्रबंधक विरेन्द्र कुमार देशमुख, सुश्री प्रियंका और आर.सी. बेन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### केंद्रीय विद्यालय में धूमधाम से मनाया जा रहा जनजातीय गौरव पखवाड़ा

**कोरबा।** केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 एनटीपीसी में जनजाति दिवस पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत 1 से लेकर 15 नवंबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें निबंध प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता, रैली आदि अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। बिरसा मुंडा जयंती पर मनाए जाने वाले इस पखवाड़ा के अंतर्गत सभी बच्चे उत्साहपुर का हर कार्यक्रम में भाग लेते हैं। इस पखवाड़ा के अंतर्गत पहले दिन कार्यक्रम का उद्घाटन धूमधाम से किया गया। बच्चों ने अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्राचार्य सुनील कुमार साहू ने बच्चों का मार्गदर्शन किया। सुमित कुमार चौधरी ने कार्यक्रम का निर्देशन किया।

### लोनिवि ने शुरू की खराब सड़कों की मरम्मत



**कोरबा।** बरसात के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत का कार्य लोनिवि ने शुरू कराया। इसी के तहत कोरबा जिले में भी खराब एवं क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दी गई है। वर्तमान में कोटमी पसान- कटघोरा मार्ग पर पेच रिपेयर का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही कोरबा-उरगा मार्ग (गौमाता चौक) पर भी मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। अन्य प्रमुख मार्गों पर भी शीघ्र ही मरम्मत कार्य प्रारंभ किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता जी. आर. जांगड़े ने बताया कि विभाग का लक्ष्य निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण पेच रिपेयर कार्य पूर्ण करना है।

## चैतमा चौकी क्षेत्र के घुईचुआं नेशनल हाईवे में हुआ हादसा

# तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बिलासपुर-अंबिकापुर नेशनल हाईवे में एक युवक को रॉन्ग साइड चलना महंगा पड़ गया। बाइक सवार युवक रॉन्ग साइड में जाते हुए अचानक अपनी मोटरसाइकिल को मोड़ दिया जिससे एक तेज रफ्तार बोलेरो ने उसे अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और

**खास बात**

- भाई से मिलने जा रहा था चैतमा

मामले में दुर्घटना को अंजाम देने वाले बोलेरो चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उतरदा निवासी फुजेरी मरकाम उम्र 35 वर्ष पिता स्व. रामलाल मरकाम अपनी हीरो स्प्लेंडर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 12 बीके 3728 में सवार होकर किसी काम से पाली आया हुआ था जहां बीती रात को वह पाली में रुका हुआ था। फुजेरी मरकाम शुक्रवार की सुबह लगभग 9 बजे पाली से चैतमा अपने भाई से मिलने जा रहा था कि सुबह लगभग 9:30 बजे नेशनल हाईवे 130 घुईचुआं के पास पहुंचा था कि वह रॉन्ग साइड से जाने लगा और वह अचानक अपनी गाड़ी को मोड़ दिया। पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार बोलेरो क्रमांक सीजी 07 बीवाय 9032 के चालक ने तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए फुजेरी मरकाम की मोटर सायकल का अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के होते ही हाईवे में वाहनों की लंबी कतार लग गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और फुजेरी मरकाम के शव को वैधानिक कार्यवाही के लिए अस्पताल भेजा गया और यातायात व्यवस्था को बहाल किया गया। चैतमा चौकी क्षेत्र के बीच घुईचुआ के समीप जिस बोलेरो ने मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में लिया है उसका लाइव वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है।



दुर्घटना को अंजाम देने वाला बोलेरो।



दुर्घटनाग्रस्त बाइक।



मृतक।

**लगातार इस तरह की घटनाएं आ रही है सामने**

जिले के बिलासपुर-कटघोरा-अंबिकापुर नेशनल हाईवे हो या चांपा नेशनल हाईवे बनकर तैयार हो चुका है। जहां वाहनों की रफ्तार सीधे हवा से बात करती है लेकिन इस मार्ग में कई ऐसे स्थान हैं जहां लोग शॉर्टकट करने के चक्कर में हाईवे में ही रॉन्ग साइड चले जाते हैं जिसकी वजह से हादसे के शिकार होते हैं। बताया जाता है कि आज भी घुईचुआं के पास कुछ ऐसा ही हुआ है। कुछ दिन पूर्व ही उरगा थाना क्षेत्र के कोरबा-चांपा मुख्य मार्ग में रॉन्ग साइड वाहन चलाने के चक्कर मे दो युवकों को एक अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया था जिससे दोनों युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। लगातार हाईवे में रॉन्ग साइड को शॉर्टकट के चक्कर में लोग हादसे के शिकार हो रहे हैं।

# महतारी एक्सप्रेस का चालक सेवा से किया गया पृथक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



नशे में धुत चालक।

सरकार की महत्वाकांक्षी योजना महतारी एक्सप्रेस 102 के एक चालक भुवन पाल को सेवा से पृथक कर दिया गया है। वह शराब के नशे में धुत होकर गाड़ी चला रहा था और बीच सड़क पर ही वाहन खड़ा कर गाड़ी में ही सो गया था। इस घटना के संज्ञान में आने के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधीन उसकी नियोक्ता इकाई ने सेवा से पृथक कर दिया है।

यह घटना ग्राम हरदीबाजार से बलौदा मार्ग पर ग्राम मुडापार के पास की है। चालक भुवन पाल ग्राम कोरबी (धतुरा) से एक डिलीवरी केस लेने के लिए निकला था, लेकिन हरदी बाजार में शराब पीने के बाद बीच रास्ते में ही गाड़ी रोककर सो गया। राहगीरों की नजर जब इस वाहन पर पड़ी, तो उन्होंने ड्राइवर को गाड़ी सड़क किनारे करने के लिए कहा। हालांकि, नशे के कारण वह गाड़ी को नियंत्रित नहीं कर पा रहा था और वाहन सड़क पर लहरा रहा था। स्थानीय लोगों ने मिलकर गाड़ी को सड़क से हटाकर पास के मैदान में खड़ा किया। कोरबी निवासी विश्वनाथ प्रसाद साहू ने बताया कि जब उनकी नजर बीच सड़क पर खड़ी महतारी 102 वाहन पर पड़ी, तो उन्हें लगा कि गाड़ी खराब हो गई होगी। वे मदद के इरादे से चालक के पास गए। जहां उन्होंने देखा कि चालक ड्राइवर सीट पर नशे में सो रहा था। इसके बाद उन्होंने विभाग के अधिकारियों और हरदीबाजार पुलिस थाने को घटना की सूचना दी। देखते ही देखते वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई और उसे जगाने का प्रयास किया गया। ड्राइवर की गंभीर हालत को देखते हुए पाली क्षेत्र के बीएमओ अनिल शराब को कॉल पर सूचना दी गई। साथ ही पुलिस को भी मौके पर बुलाया गया।

**की गई तत्काल कार्रवाई**

भुवन पाल 102 महतारी एक्सप्रेस के पीएचसी हरदीबजार में चालक के पद पर नियुक्त था। महतारी एक्सप्रेस वाहन 102 को ड्यूटी के दौरान शराब पीकर चलाया गया, जबकि यह सेवा आपातकालीन सेवाओं के अंतर्गत आती है। इस प्रकार के लापरवाही पूर्वक कार्य को गंभीर कृत्य की श्रेणी में रखा गया। इस कृत्य के लिए कार्यालय द्वारा कार्यवाही करते हुए भुवन पाल को चालक पद से कार्य मुक्त कर उसकी सेवाएं समाप्त कर दी गई है। साथ ही कहा कि इस तरह के कृत्य और अन्य घोर लापरवाही प्रदर्शित होने वाले कृत्यों के लिए किसी प्रकार की माफी का स्थान नहीं है बल्कि विधिसम्मत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# सेजस हिन्दी मीडियम स्कूल को मॉडल बनाने की तैयारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में चल रहे सेजस हिन्दी मीडियम स्कूल को मॉडल स्कूल के रुप में डेवलप करने की तैयारी चल रही है।

राज्य शासन के मिले निर्देश के तहत एनसीडीसी सेजस स्कूल में प्राचार्यों की बैठक आहूत की गई। जिसमें पिछले वर्ष परिणाम की समीक्षा करते हुए 4 सेजस स्कूलों के कमजोर परीक्षा परिणाम को गंभीरता से लिया गया और वहां एक्सट्रा क्लास चलाने के निर्देश दिए गए। जिले में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश और हिन्दी मीडियम स्कूल का संचालन बीते पांच वर्ष से किया जा रहा है। हिन्दी मीडियम सेजस स्कूलों की संख्या 40 है। वहीं इंग्लिश सेजस स्कूलों की संख्या 15 है। कुल 55 सेजस स्कूल जिले में संचालित है। इनमें पंप हाउस हरदीबाजार और पाली इंग्लिश मीडियम सेजस स्कूल को सीबीएसई बोर्ड से मान्यता मिली है। परीक्षा परिणाम को लेकर एनसीडीसी स्कूल में जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय के द्वारा समीक्षा बैठक लेते हुए सभी स्कूलों के बीते वर्ष के परीक्षा परिणाम का आंकलन करते हुए उपस्थित प्राचार्यों से पढ़ाई व्यवस्था को लेकर चर्चा करते हुए खराब रिजल्ट आने के मामले को लेकर चर्चा की गई एवं ऐसे स्कूलों में एक्सट्रा क्लास तथा कमजोर बच्चों को ज्यादा फोकस करने के लिए भी विचार विमर्श हुए। बैठक में उपस्थित सेजस स्कूलों के प्राचार्य परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाने के लिए अपनी ओर से प्रस्ताव भी दिये हैं। उक्त प्रस्ताव पर शिक्षा अधिकारी ने अमल करने को कहा है। बैठक में सभी सेजस स्कूलों को राज्य सरकार के द्वारा मॉडल स्कूल बनाए जाने के मिले निर्देश के तहत कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

# पीडब्ल्यूडी स्कूल में छात्र कर रहे थे कमरे की पोताई, जांच के आदेश



**कोरबा।** जिला मुख्यालय मे संचालित पीडब्ल्यूडी हाई स्कूल में छात्रों के द्वारा कक्षा के कमरों की पोताई किए जाने का मामला सामने आने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने इस प्रकरण के जांच कराने के आदेश दिए हैं। जिला मुख्यालय में ही पढ़ाई छोड़ पोताई करने के मामले को डीईओ के द्वारा गंभीरता से लिया गया है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीडब्ल्यूडी रामपुर (ब्लॉक शिक्षा कार्यालय कोरबा) के अंतर्गत विद्यार्थियों से ही रंग-रोगन का कार्य कराया जा रहा है। विद्यालय की साज-सज्जा करने के लिए निःसन्देह सरकारी राशि उपलब्ध कराई गई होगी लेकिन जिस तरह से विद्यार्थी अपने कक्ष में दीवार और खिड़कियों की रंगाई-पुताई करते नजर आए, उससे तो यही लग रहा है कि यहां अधिकांश कार्य विद्यार्थियों से कराया गया। शुक्रवार को यह नजारा पेश आया जब एक कक्षा में कुछ छात्र ड्रेस में तो कुछ विद्यार्थी बिना गणवेश के घरेलू कपड़ों में दीवार और खिड़की की पुताई करते नजर आए। एक छात्र गोड़ी पर चढ़कर दीवार पोत रहा था तो छात्रा खिड़की पेंट कर रही रही। कमरे में एक शिक्षिका भी उपस्थित थी। स्कूल में इस तरह के लगातार मामले सामने आ रहे हैं विशेषकर ग्रामीण अंचल के स्कूलों में ऐसे नजारे देखने को मिलते थे।

# उद्योग मंत्री ने दी 5 करोड़ के कार्यों की सौगात, विकास को मिली गति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने निगम क्षेत्रांतर्गत विभिन्न वार्डों को 4 करोड़ 92 लाख रूपये के विकास कार्यों की सौगात दी है। इससे निगम के विकास कार्यों को गति मिली है, जिसके तहत सड़क, नाली, कलवर्ट आदि के निर्माण कार्य विभिन्न वार्डों में किए जाएंगे, तो वहीं दूसरी ओर वार्ड क्र. 13 में वरिष्ठजनों को उनका अपना सियान सदन भी मिला है।

**खास बात**

- विभिन्न वार्डों में होंगे सड़क, नाली, कलवर्ट आदि के निर्माण कार्य

उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने निगम के न्यू अमरैयापारा एवं कोसाबाड़ी जोनांतर्गत सिंगापुर में 4 करोड़ 82 लाख रूपये की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन बतौर मुख्य अतिथि के रूप में किया। कार्यक्रम में सभापति नूतन सिंह ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, पार्षद नरेन्द्र देवांगन सहित मेयर इन काउंसिल के सदस्यों, पार्षदों व जनप्रतिनिधियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की। वहीं उद्योग मंत्री श्री देवांगन द्वारा वार्ड क्र. 13 नमो गार्डन के पास शारदा विहार में 10 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित सियान सदन का लोकार्पण भी किया गया। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि जनता जनार्दन का आशीर्वाद, प्यार व स्नेह मेरी सबसे बड़ी पूंजी है, मैं आभारी हूं कि कोरबा की जनता ने मुझे सदैव अपना प्यार, स्नेह व आशीर्वाद दिया है। उन्होंने कहा कि जहॉं तक शहर के विकास का प्रश्न है, तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आशीर्वाद तथा उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव के सहयोग से कोरबा का तेजी से विकास हो रहा है, यहां पर बरसों से व्याप्त समस्याएं दूर हो रही हैं, जिसके साक्षी हम सब हैं। उन्होंने कहा कि विगत डेढ़ वर्षों के कार्यकाल में निगम क्षेत्र में 700 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं। विकास कार्यों के लिए जब भी जितनी राशि की मांग की जाती है, मुख्यमंत्री के द्वारा तत्काल स्वीकृत प्रदान की जाती है, उन्होंने कहा कि निगम के सभी 67 वार्डों में समान रूप से विकास कार्य हो रहे हैं, आगे भी लगातार होंगे, यह मैं विश्वास दिलाता हूं। कार्यक्रम के दौरान एमआईसी सदस्य अजय कुमार गोड़, उर्वशी राठौर, पार्षद प्रभा टीकम राठौर, सुषमा रामशंकर साहू, युगल कैवर्त्य, ईश्वर पटेल, सुलोचना यादव, मण्डल अध्यक्ष योगेश मिश्रा, डॉ.राजेश राठौर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रूकमणी नायर, अखिलेश पाण्डेय, नरेन्द्र पाटनवार, आकाश श्रीवास्तव, सहित बड़ी संख्या में वार्डों के नागरिक उपस्थित थे।



लोकार्पण करते उद्योग मंत्री एवं अन्य।

LCIT GROUP OF INSTITUTIONS, BILASPUR (C.G.)
LCIT SCHOOL OF PHARMACY II LCIT COLLEGE OF PHARMACY
lcitsop.edu.in Near High Court Raipur Road, Bilaspur, Chhattisgarh lcitcop.edu.in
FOR ENQUIRY
APPROVED BY
Choose The Best
CHOOSE LCIT
ADMISSION OPEN 2025-26
PHARMACY
D. Pharmacy
B. Pharmacy
M. Pharmacy
Pharmaceutics
9340512388
"Golden opportunity for 12th pass (PCM/PCB) students: Admissions open for Diploma in Pharmacy"

2nd Phase Pharmacy College Level Online Counselling Schedule

| Course | Phase | Registration | Allotment | Admission |
|---|---|---|---|---|
| B.Pharmacy, B.Pharmacy (Lateral), D.Pharmacy, M.Pharmacy | Phase-II | 07/11/2025 to 10/11/2025 | 15/11/2025 | 16/11/2025 to 19/11/2025 |
| | College Level Counseling | 21/11/2025 to 25/11/2025 | - | 01/12/2025 to 05/12/2025 |

Details of Management Quota Seats for 2025-26

| Course | No. of Management Quota Seats Available |
|---|---|
| D.Pharmacy | 09 Seats |
| B.Pharmacy | 15 Seats |
| M.Pharmacy | 01 Seat |

Best Placements in the Region
From Campus to Corporate, your journey starts here.
60% Overall Placement Rate
100% Student Satisfaction
Library with e-journals & Digital Resources
Placement Cell for Job Opportunities
MOU's with Pharma Companies
Well-equipped Laboratories
8 GLORIOUS YEARS OF EXCELLENCE
Placement Stars of the Year
Shivaji Rao Bhonsle, B. Pharmacy
Khushboo Agrawal, Company Name - Pratham Hospital, Bilaspur, B. Pharmacy
Saket Ruben Chand, B. Pharmacy
Khushi Gupta, B. Pharmacy
Neeraj Soni, Company Name:- Apollo Pharmacy, B. Pharmacy
Tomesh Shrivas, Company Name:- Cadila Pvt. Ltd., B. Pharmacy
Nikhil Vaishnav, B. Pharmacy
Sandhya Kumari, Company Name - Pratham Hospital, Bilaspur, B. Pharmacy
Bharti Shrivas, B. Pharmacy
Kishan Barekar, Company Name:- Mark Hospital, Bilaspur, B. Pharmacy
Avinash Pal, B. Pharmacy
Ritik Rajak, B. Pharmacy
Aakash Kaushik, B. Pharmacy
Prakhar Pandey, Company Name - Pratham Hospital, Bilaspur, B. Pharmacy
Hitendra Patel, B. Pharmacy
Ritika Thakur, B. Pharmacy
Bhavan Singh, B. Pharmacy
Niranjan Bhagat, B. Pharmacy
Trusted Partnerships with:
Fitwel Pharmaceuticals Pvt. Ltd. Ahmedabad Gujarat II GOA- Center for Excellence in Intellectual Property, Panaji, Goa
Pratham Hospital, Bilaspur II Mark Hospital Bilaspur II IMAEC Medntec Ltd. Pune II Life Care Hospital, Bilaspur
Shri Govind Institute of Life Care Hospital, Bilaspur.
Admission Enquiry +91 9340512388, +91 7440217555

## खबर संक्षेप

### स्व.महेन्द्र साव स्मृति क्रिकेट का पहला दिन

**पुसौर।** पुसौर जनपद क्षेत्र के ग्राम छिछोर उमरिया में स्व. महेन्द्र साव के स्मृति में क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। बीते 7 नवम्बर को देश भक्ति गीत वंदे मातरम के गायन के साथ इसकी शुरूआत हुई। गांव के सरपंच श्रीमती रामेश्वरी महेन्द्र साव अपने अन्य पंचायत पदाधिकारियों के उपस्थिति में मैच का उद्घाटन पूजा अर्चना कर की। पहला मैच गिरूहुलपाली और पुटीडीही के बीच खेला गया। टास जीत कर पुटीडीही टीम ने बैट सम्हाला और विरोधी दल गिरूहुल पाली के साथ मैच प्रारंभ हुआ। गिरूहुलपाली की टीम ने 7.5 ओवर में विजय प्राप्त कर लिया। ज्ञात हो कि इस आयोजन का उद्येश्य क्षेत्रीय खेल प्रतिभा को उजागर करने के साथ ही आपसी संबंधों को बरकारार रखना है। छिछोर उमरिया का खेल मैदान लगभग 15 दिन तक गुलजार रहेगा।

### अभिनव स्कूल में मना स्काउट का स्थापना दिवस


**पुसौर।** तहसील मुख्यालय पुसौर में स्थापित अभिनव स्कूल में बीते 7 नवम्बर स्काउट के स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें आसपास के स्काउटरों के साथ साथ स्काउट के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजुद रहे। जानकारी के मुताबिक उक्त आयोजन स्कूल के एक कक्ष में आयोजित हुआ जहां नगर उपाध्यक्ष उमेश साव, पार्षद फगुलाल गुप्ता एवं स्कूल प्रमुख अक्षय कुमार सतपथी एवं स्काउट के अधिकारी व शिक्षक पीताम्बर गुप्ता सहित स्काउट के छात्र मौजूद रहे। स्काउट के जन्मदाता वेडेन पावेल हैं जिन्होंने अनुशासन और सेवा को लेकर स्काउट की संरचना की थी जो आज पूरे देश में छात्र है जो अनुशासन में रहकर समाज के साथ साथ शासन के कल्याणकारी योजनाओं में हाथ बटाते रहे हैं।

### तमनार जोन में हुआ सांसद खेल महोत्सव

**तमनार।** तमनार जोन का दो दिवसीय सांसद खेल महोत्सव हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदे की पूजा वंदन से हुई तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। माध्यमिक शाला तमनार एवं उच्चतर माध्यमिक शाला तमनार के बच्चों के द्वारा स्वागत गीत एवं स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि के द्वारा सभी खिलाड़ियों एवं शिक्षकों को खेल शपथ ग्रहण करवाया गया। शपथ ग्रहण के पश्चात सांसद खेल महोत्सव तमनार जोन के जोन प्रभारी एल पी ऑग्रे के द्वारा कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि अश्विनी पटनायक के द्वारा उद्बोधन में बच्चों को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया गया। उद्बोधन के पश्चात खेल शुरू करने की घोषणा की गई। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के कर कमल से फीता काटकर पुरुष वर्ग के 100 मीटर दौड़ से सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ हुआ। सांसद खेल महोत्सव के प्रथम दिन कबड्डी, खो-खो वॉलीबॉल बैडमिंटन और रस्सा कसी आदि खेलो को सेमीफाइनल तक पहुंचाया गया। खेल को संपन्न कराने में तमनार विकासखंड के पीटीआई शिक्षक बालकृष्ण डनसेना, चंद्रमणि गुप्ता, जितेश्वर प्रधान, मोहलाई सीएससी प्रदीप नायक, वेदव्यास महापात्र के साथ समस्त खेल प्रभारियों एवं शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

### एनसीपी ओबीसी प्रकोष्ठ के महासचिव बने राधेश्याम

**राउरकेला।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी एनसीपी के ओबीसी प्रकोष्ठ में एक महत्वपूर्ण नियुक्ति करते हुए राधेश्याम यादव को राष्ट्रीय महासचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति पार्टी की ओबीसी समुदाय के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। श्री यादव लंबे समय से ओबीसी मुद्दों पर विशेषज्ञ रहे हैं, अब राष्ट्रीय स्तर पर प्रकोष्ठ की गतिविधियों का संचालन करेंगे। यह नियुक्ति पत्र जारी करते हुए ओबीसी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष उमाशंकर यादव ने कहा उनकी नियुक्ति से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजित पवार एंव राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल पटेल के राष्ट्रवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने मे मजबूती मिलेगी एवं अतिपिछड़ा वर्ग को बल मिलेगा।



## मतदाता मोबाइल एप के माध्यम से आनलाइन भर सकते हैं गणना पत्रक

# मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण प्रारंभ, 4 दिसंबर तक चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में 4 नवम्बर से विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान प्रारंभ हो गया है। इस अभियान के तहत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों का सत्यापन और अद्यतन कार्य किया जा रहा है, जिसकी अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। जिले के सभी बूथ लेवल अधिकारी अपने अपने मतदान केंद्रों के अंतर्गत आने वाले सभी मतदाताओं के घर घर जाकर गणना पत्रक भरने में मदद कर रहे हैं। यह अभियान 4 दिसम्बर तक चलेगा।

जिले के सभी मतदाता, मतदाता सूची में दर्ज अपने नाम को अनिवार्य रूप से बूथ लेवल अधिकारियों की मदद से सत्यापन कार्य करायें। इस सत्यापन कार्य हेतु आप स्वयं मोबाईल ऐप के माध्यम से आनलाईन गणना पत्रक भर सकते हैं




अथवा बूथ लेवल अधिकारी द्वारा दिए गए गणना पत्रकों को उनकी सहायता से ऑफलाईन जमा कर सकते हैं। विगत 2003 की मतदाता सूची वेबसाइट एवं पर भी उपलब्ध है।

### महापौर ने किया वार्ड क्रमांक 48 का निरीक्षण

**रायगढ़।** शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वास्थ्य बनाने के उद्देश्य से महापौर जीवर्धन चौहान द्वारा प्रतिदिन वार्डों का निरीक्षण किया जाता है। इसी कड़ी में उन्होंने आज वार्ड क्रमांक 48 बोईरदादर, मालीडीपा और पहाड़पारा क्षेत्र का निरीक्षण किया। दौरे के दौरान उन्होंने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था, नाली की स्थिति, सड़कों की गुणवत्ता और अन्य नागरिक सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने संबंधित अधिकारियों और सफाई अमले को वार्ड की सफाई व्यवस्था और निर्माण कार्यों से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाएं बेहतर हों यह नगर निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने, जर्जर सड़कों की मरम्मत करने और जल निकासी व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए।

# बकाया राशि नहीं की जमा नपं ने दुकान कर दी सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया



नगर पंचायत सरिया द्वारा दुकान का बकाया किराया की राशि जमा नहीं होने वालों पर कार्रवाई की गई है। शनिवार को अटल चौक स्थित दुकान क्रमांक 10 में तालाबंदी की कार्रवाई की गई।

इस संबंध में सीएमओ नगर पंचायत सरिया लाल सिंह मरकाम ने बताया कि अटल चौक स्थित दुकान क्रमांक 10 गोविंद पिता केशव को आबंटित किया गया है। उनके द्वारा नगर पंचायत सरिया से बिना अनुमति के मासिक किराए पर संतोष साहू नामक व्यक्ति को दिया गया है। तथा दुकान का किराया राशि जमा नहीं करने पर उन्हें तीन बार नोटिस जारी किया गया। तत्पश्चात शनिवार को दुकान को सील किया गया। सीएमओ ने बताया कि गोविंद पिता केशव के नाम पर आबंटित दुकान क्रमांक 10 का बकाया राशि एक लाख पच्चीस हजार से भी ज्यादा का है। उनको नोटिस दिए जाने के बाद भी उनके द्वारा नोटिस को गंभीरता से नहीं लिया गया और बकाया राशि जमा नहीं करने पर दुकान सील करने की कार्रवाई की गई। सीएमओ ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र की दुकान का किराया ससमय दुकानदार को देने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने दुकानदारों से अपील करते हुए कहा की असुविधा से बचने के लिए नगर पंचायत के दुकानों का समय पर भुगतान कर असुविधा से बचें।

# 7 दिसंबर को रामलील मैदान में होगा 30वां यादव शौर्य मड़ई महोत्सव



**रायगढ़।** रायगढ़ शहर में यादव समाज द्वारा आयोजित पारंपरिक और ऐतिहासिक मड़ई महोत्सव का इस वर्ष 7 दिसंबर को भव्य आयोजन किया जाएगा। शहर के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाले इस 30वें यादव शौर्य नृत्य मड़ई महोत्सव की तैयारियां अब जोरों पर हैं।

शहर में पिछले तीन दशकों से यादव समाज इस सांस्कृतिक आयोजन के माध्यम से लोककला, परंपरा और सामाजिक एकता का संदेश देता आ रहा है। इसी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुएए इस वर्ष भी आयोजन को यादगार बनाने का निर्णय लिया गया है। कार्यक्रम को लेकर आज बेयर हाउस सामुदायिक भवन में समाज की बैठक आयोजित की गई, जिसमें 30वा मड़ई महोत्सव 2025 की आयोजन समिति का गठन किया गया।बैठक में सर्वसम्मति से शाखा यादव को अध्यक्ष, गणेश ठेठवार को संयोजक, विकास ठेठवार को सचिव, और बीपी गोपाल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। महोत्सव समिति के अध्यक्ष शाखा यादव ने कहा कि हमारा उद्देश्य लोक कला और प्राचीन सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखना है। इस बार भी मड़ई महोत्सव में प्रदेशभर से राउत नाचा के दलों को आमंत्रित किया जाएगा। विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में यह आयोजन प्रदेश स्तर पर अपनी पहचान बनाएगा। 30वा मड़ाई महोत्सव 2025 के लिए महिला विंग का भी गठन किया गया जिसमें संगीता यादव को अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया, चमेली यादव को सहसंयोजक, ममता यादव कोष अध्यक्ष और रमिला यादव को सचिव पद में नियुक्त किया गया है। इस बैठक में रायगढ़ यादव समाज के प्रमुख लोग उपस्थित रहे जिनकी उपस्थिति में मड़ाई महोत्सव 2025 के लिए रूपरेखा तैयार किया गया।

### जनपद में पहुंचे बुजुर्ग फरियादी, सीईओ से नहीं मिल सके, लौटना पड़ा बैरंग

**पुसौर।** पुसौर जनपद के कार्यालयीन समय में झारमुड़ा ग्राम पंचायत के कुछ बयोवृद्ध फरियादी पहुंचा था। उनको आवास और शौचालय निर्माण की राशि 4 साल से नहीं मिली है। इस समस्या के समाधान के लिए सीईओ से मिलने पहुंचा था, लेकिन इसमें सफल नहीं हो सका और मायूस होकर लौटना पड़ा। जानकारी के मुताबिक लगभग 10 बजे से पूर्व सीईओ विवेक गोस्वामी कार्यालय में पहुंच कर वंदेमातरम राष्ट्रीय गीत के आयोजन को लेकर अपने कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ व्यस्त हो गए थे। इसी बीच ये फरियादी जनपद के द्वार पर नीचे बैठा रहा। बताया जाता है कि झारमुडा के बयोवृद्ध नानदाई सिदार जिन्हें अपने 3 परिजनों के शौचालय निर्माण की राशि 36 हजार नहीं मिली है। इसी तरह कसिला सिदार को उसके आवास के मजदूरी राशि 15 हजार नहीं मिली है। मायावती, गंगाचरण चौहान, बुदली और कात्रिक सिदार को भी आवास की मजदूरी 15-15 हजार रुपए नहीं मिला है। यह राशि चार साल से अटका हुआ है। इस संबंध में सीईओ श्री गोस्वामी ने बताया कि उनके पास ऐसा कोई मामला नहीं आया है। फरियादियों ने बताया कि रोजगार सहायक से राशि मिलना है जिसमें उसके द्वारा रूचि नहीं दिखाया जा रहा है।



# कृषि क्षेत्र में नए प्रयोग और किसानों की समस्या को लेकर हुई चर्चा



**सरिया।** छत्तीसगढ़ और उड़ीसा के किसानों के बीच किसान मिलन समारोह का आयोजन शुक्रवार को उड़ीसा के हीराकुंड डैम परिक्षेत्र में संपन्न हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। किसानों ने अपनी समस्या एवं कृषि क्षेत्र के नए-नए प्रयोग के बारे में विचार साझा किया। इस दौरान छत्तीसगढ़ के किसानों ने उड़ीसा के किसानों का फूल माला एवं श्रीफल भेट कर सम्मान किया।

एक दिवसीय किसान मिलन समारोह में युवा किसान भी शामिल हुए और उन्होंने खेती किसानी के बारे में आ रही विभिन्न समस्याओं के बारे में एक दूसरे के बीच शेयर किया। जहां उड़ीसा के किसानों ने कहा कि किसान हर क्षेत्र में आज परेशान है। उन्हें मूलभूत समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। किसानों को जो आवश्यक सामग्री समय में उपलब्ध नहीं हो रहा है। यह दोनों राज्यों की समस्या बनी हुई है। किसानों ने दोनों राज्यों से मांग किया है कि कृषि के क्षेत्र में सरकार किसान हित में कार्य करें। ताकि समाज को किसान भरपूर अन्न उत्पादन कर प्रदान करेंगे। किसान मिलन समारोह का यह दूसरा वर्ष है। इसके पहले छत्तीसगढ़ सरिया क्षेत्र के किसानों ने गोविंदपुर उड़ीसा में किसान मिलन समारोह का आयोजन किया था। इस बार किसानों ने उड़ीसा के हीराकुड डैम परिसर का चयन किया और हीराकुंड डैम के जीरो पॉइंट पर किसान मिलन समारोह के बाद किसानों ने हीराकुड डैम का अवलोकन किया।

# गर्ल्स कालेज में कैरियर गाइडेंस का आयोजन



**रायगढ़।** केएमटी शासकीय कन्या महाविद्यालय रायगढ़ में हिन्दी विभाग एवं कैरियर गाइडेंस समिति संयुक्त के तत्वावधान में कैरियर गाइडेंस एवं मोटिवेशनल स्पीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में रेल्वे अधिकारी मोटिवेशनल स्पीकर प्रमोद साहू उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं को जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच एवं लक्ष्य निर्धारण करने के महत्व पर प्रकाश डाला।

अपने संबोधन में श्री साहू ने कहा कि सफलता उन्हीं के कदम चुमती है जो असफलता से घबराए बिना निरंतर प्रयास करते रहते हैं। उन्होंने छात्राओं को कैरियर निर्माण समय प्रबंधन और आत्म प्रेरणा के व्यावहारिक सूत्र बताए। ललित तिवारी ने भी अपने उद्बोधन में कहा जो खुद में भरोसा रखता है वही अपनी किस्मत लिखता है। छात्राओं ने कैरियर से संबंधित कई सवाल भी किये जिसे श्री साहू ने बड़ी विनम्रतापूर्वक व सरल सहज भाषा में सवालों का जवाब दिए। छात्राओं ने इस सत्र को अत्यंत उपयोगी और प्रेरक बताया।

कार्यक्रम का सफल संचालन डा.बीके भगत के द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन डा.आरके बारीक ने किया। अंत में प्राचार्य डा.उमा नेगी ने अतिथि प्रमोद साहू को प्रतीक चिन्ह भेंट करते हुए आभार व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्राओं के व्यक्तित्व और कैरियर विकास के लिए अत्यंत लाभदायक सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो.आरके राठौर अंकित खड़यिा, प्रो.चन्द्रकांत वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# स्काई एलॉयज एंड पॉवर लिमिटेड में लगा ईएसआईसी मेडिकल कैंप




**खरसिया।** स्काई एलॉयज एंड पॉवर लिमिटेड में 08 नवंबर को ईएसआईसी मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें खरसिया डिस्पेंसरी से डॉ. विनोद दर्शन और उनकी टीम ने अपनी सेवाएं दी। इस कैंप में प्लांट ओएचसी टीम ने भी सहयोग किया। इस अवसर पर प्लांट हेड अर्जुन मलाकर और एचआर हेड राजेंद्र गुप्ता उपस्थित थे।

इस मेडिकल कैंप में 260 से अधिक ईएसआईसी कर्मचारी की स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें आवश्यक चिकित्सा सलाह दी गई। इस कैंप का उद्देश्य कर्मचारियों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। मेडिकल कैंप के मुख्य आकर्षण सामान्य स्वास्थ्य जांच रक्तचाप और शुगर की जांचए आंखों की जांचए परामर्श स्वास्थ्य जागरूकता सत्र के दौरान फ्री दवाइयां वितरण की गई। स्काई एलॉयज एंड पॉवर लिमिटेड अपने कर्मचारियों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है और इस तरह के आयोजन के माध्यम से उनकी स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करने का प्रयास करता है। प्लांट निदेशक विकास अग्रवाल ने इस अवसर पर आगे भी इसी प्रकार के सामाजिक कार्यों में भागीदारी करने का आश्वासन दिया और कैंप का समापन सफलतापूर्वक किया गया।

### ईश्तहार / उद्घोष्णा

रा.प्र.क्र.... ..................अ-2/2025-26
ग्राम ...... सिवनी..... प.ह.न.......02...तहसील चांपा जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम सिवनी प.ह.न....02.... तहसील चांपा जिला-जांजगीर चांपा छ.ग. की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी आवेदक श्री विजय अग्रवाल पिता रामगोपाल अग्रवाल निवासी ग्राम-चांपा तहसील -चांपा जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.) ने कृषि भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त व्यावसायिक प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप में ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 21.11 2025 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**अनुसूचीः**

खसरा नंबर 2050/1/क/1,2050/1/क/2, 2050/1/क/3, 2050/2/क/1. 2050/2/क/2, 2050/2/क/3, रकबा क्रमशः 0.061 हे., 0.061 हे., 0.061 हे. 0.037 हे., 0.037 हे., 0.037 हे., कुल रकबा 0.294 हेक्टेयर भूमि .....लगान... पैसे

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 06/11/2025 को जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**चांपा**

### ईश्तहार / उद्घोष्णा

रा.प्र.क्र.................. अ-2/2025-26
ग्राम ... जगदल्ला.... प.ह.न........04...... तहसील चांपा जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम जगदल्ला प.ह.नं. 04 तहसील-चांपा जिला-जांजगीर चांपा छ.ग. की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी आवेदिका राजकुमारी पति द्वारिका प्रसाद निवासी ग्राम-बरपाली चांपा तहसील-चांपा जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.) ने कृषि भूमि को आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप में ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 21/11/2025 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**अनुसूची :**

खसरा नं. 400 रकबा 0.154 हेक्टेयर में से 0.032 हेक्टेयर भूमि .... लगान.... पैसे

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 07/10/2025 को जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**चांपा**

### ईश्तहार / उद्घोष्णा

रा.प्र.क्र........................ अ-2/2025-26
ग्राम जगदल्ला. प.ह.न.04...तहसील चांपा जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम जगदल्ला प.ह.नं. 04 तहसील-चांपा जिला-जांजगीर चांपा छ.ग. की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी आवेदिका राजकुमारी पति द्वारिका प्रसाद निवासी ग्राम -बरपाली चांपा तहसील-चांपा जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.) ने कृषि भूमि को आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप में ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 21/11/2025 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वत या किसी अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**अनुसूची :**

खसरा नं. 400 रकबा 0.154 हेक्टेयर में से 0.045 हेक्टेयर भूमि .... लगान... पैसे

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 07/10/2025 को जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**चांपा**

### ईश्तहार / उद्घोष्णा

रा.प्र.क्र...................... अ-2/2024-25
ग्राम ...... जगदल्ला... प.ह.न. 04...तहसील चांपा जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम जगदल्ला प.ह.न. 04 तहसील-चांपा जिला-जांजगीर चांपा छ.ग. की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी आवेदिका राजकुमारी पति द्वारिका प्रसाद निवासी ग्राम बरपाली चांपा तहसील-चांपा जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.) ने कृषि भूमि को आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप में ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 21/11/2025 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वत या किसी अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**अनुसूची :**

खसरा नं. 400 रकबा 0.154 हेक्टेयर में से 0.045 हेक्टेयर भूमि .... लगान... पैसे

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 07/10/2025 को जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**चांपा**

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना, नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी, पैर और पैर की ऊँगलियों की सर्जरी
- सत्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द, साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॉजी, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लैप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- बांझपन, यूरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज, महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गॅलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हर्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वेरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, थायरॉइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

